हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, जुलाई 3, 2024

11 बाबा हंसा महाराज की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा..



12 नालों की सफाई शुरू होने से मिलेगी राहत



## खबर संक्षेप

### भक्तिभाव से मनाई योगिनी एकादशी

**बहादुरगढ़।** शहर के विभिन्न मंदिरों में मंगलवार को आषाढ़ कृष्ण एकादशी के दिन योगिनी एकादशी भक्तिभाव से मनाई गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मंदिरों में ठाकुर जी के दर्शन किए। शहर के इस्कॉन मंदिर में में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री हरि के दर्शन करने पहुंचे।

### बाइक चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी करने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सदर थाना प्रभारी कृष्णकांत ने बताया कि अमरपाल निवासी गांव सिलाना की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई रवि कुमार की टीम ने एक आरोपी को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अनिल निवासी सिलानी जिला झज्जर के तौर पर की गई है।

### सट्टा खाईवाली के आरोप में काबू

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विजय के रूप में हुई है। परनाला गांव का रहने वाला है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि विजय शनि बाजार चौक के निकट विवेकानंद नगर में सट्टा खाईवाली कर रहा है। इस सूचना पर टीम वहां गई और आरोपी को काबू किया। उसकी तलाशी लेने पर 9250 रुपये व सट्टा पर्चियां आदि बरामद हुई।

### अस्पताल के निकट से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** फ्रेंड्स कॉलोनी के निवासी रविकांत का कहना है कि गत 30 जून को वह रोहतक-दिल्ली रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में गया था। अस्पताल के निकट एसबीआई की दीवार के साथ बाइक खड़ी की थी। जब वापस आया तो बाइक नहीं मिली।

## एक साल से खरीद और इंस्टॉलेशन से लेकर राजनीति में अटका था नई स्ट्रीट लाइटों का काम

# जल्द रोशन होगा शहर, 4 हजार लाइटें लगाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में 4 हजार नई लाइटें लगाने का काम करीब एक साल बाद शुरू हो गया है। सोमवार को वार्ड नंबर-1, 11 व 21 तथा मंगलवार को वार्ड संख्या-2, 12, 22 में स्ट्रीट लाइटें लगाई गई। उम्मीद है कि जल्द ही नगर की अंधेरी गलियों में स्ट्रीट लाइटें लगने का पूरा हो जाएगा। विदित है कि नप इन लाइटों की खरीद पर एक करोड़ 34 लाख 65 हजार 272 रुपए खर्च किए हैं और इन्हें इंस्टॉल करने पर करीब 45 लाख रुपये का खर्च आएगा।

- इंस्टॉल करने पर करीब 45 लाख रुपये का खर्च आएगा

दरअसल, शहर की विभिन्न सड़कों व गलियों में स्ट्रीट लाइट के अभाव में अंधेरा पसरा रहता है। असंख्य खंभे बिना स्ट्रीट लाइटों के व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रहे हैं। हालांकि कई महीनों पहले ही सूर्या रोशनी लिमिटेड द्वारा बहादुरगढ़ नगर परिषद को 4 हजार लाइटों की आपूर्ति मिल चुकी है। इसके उपरांत नगर परिषद ने इन लाइटों की इंस्टॉलेशन के लिए करीब 45 लाख रुपए का टेंडर लगाया था। इसमें कई किलोमीटर तार, पैनल, क्लैंप, बैड स्विच आदि के साथ इंस्टॉलेशन की लेबर शामिल हैं। सबसे कम रेट देने वाली एजेंसी ने पहले एचएसआर से 10 फीसद अधिक रेट भरे थे। इसके बाद नप अधिकारियों ने नेगोशिएशन की और करीब 6 प्रतिशत अबोव रेट पर काम अलॉट हो चुका था। लेकिन पहले चुनाव आचार संहिता और फिर राजनीति के कारण यह काम अटका पड़ा था।



बहादुरगढ़। वार्ड नंबर-12 में लाइटें लगवाते पार्षद प्रतिनिधि योगेश धनखड़ व अन्य।

### निदेशालय ने दी थी मंजूरी

गौरतलब है कि 3 मई 2023 को हरियाणा के सप्लाई डिस्पोजल महानिदेशक ने स्ट्रीट लाइटों की खरीद रेट तय किए थे। प्रदेश के 9 जिलों में बजाज इलेक्ट्रिकल्स और 13 जिलों में सूर्या रोशनी लिमिटेड की लाइटें खरीदने की स्वीकृति दी गई थी। इसे लेकर 12 मई को शहरी स्थानीय निकाय के निदेशक ने बहादुरगढ़ नप को 9412 लाइटें खरीदने की अनुमति दी गई थी। जिसके आधार पर नप ने 6 नवंबर को 4 हजार लाइटों की खरीद के लिए सूर्या रोशनी लिमिटेड को सप्लाई ऑर्डर जारी किया था।

### ऐसे होगी लाइटों की खरीद

| क्षमता | संख्या | रेट | कीमत |
|---|---|---|---|
| 20 वॉट | 1000 | 1144.84 | 11,44,840/- |
| 36 वॉट | 1250 | 2209.31 | 27,61,637.50/- |
| 45 वॉट | 250 | 2694.41 | 6,73,302.50/- |
| 60 वॉट | 500 | 3714.36 | 18,57,180/- |
| 72 वॉट | 500 | 4286.76 | 21,43,380/- |
| 120 वॉट | 200 | 7424.08 | 14,84,816/- |
| 150 वॉट | 150 | 9077.74 | 13,61,661/- |
| 200 वॉट | 150 | 13587 | 30,38,155/- |

### शहर से अंधेरे का खात्मा हो जाएगा

सूर्या कंपनी से चार हजार नई स्ट्रीट लाइटों की आपूर्ति प्राप्त हुई थी। इन लाइटों को लगाने के लिए एजेंसी को वर्क अलॉट किया गया था। सोमवार से लाइटें लगाने का काम शुरू हो चुका है। प्रतिदिन क्रमवार 3 वार्डों में लाइटें लग रही हैं। उम्मीद है कि जल्द ही लाइटों की इंस्टॉलेशन का काम पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही शहर से अंधेरे का खात्मा हो जाएगा।

- संजय रोहिल्ला, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

# प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमियों की समस्याओं को लेकर सीएम, मंत्री और सीए से की मुलाकात



बहादुरगढ़। बैठक में सीएम नायब सैनी से चर्चा करते सुभाष जग्गा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

फुटवियर पार्क एसोसिएशन (एफपीए) और बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) का प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा से मिला। उद्यमियों ने आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) के फ्री होल्ड व शामलात प्लॉटों को लेकर अपनी मुश्किलें सरकार के समक्ष रखी। सीएम और मंत्री के अलावा उद्योगपतियों ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हशविप्रा) के मुख्य प्रशासक टीएल सत्यप्रकाश से मुलाकात की।

बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष जग्गा, उद्योगपति सतनारायण बंसल, संजय नारंग और सिद्धार्थ दुबे आदि ने सीएम नायब सैनी, निकाय मंत्री सुभाष सुधा और हशविप्रा के सीए टीएल सत्यप्रकाश से मुलाकात की। बैठक के दौरान उन्होंने एमआईई के फ्री होल्ड प्लॉट्स और शामलात प्लॉटों से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही हरियाणा सरकार से फुटवियर पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 फीसद करवाने की गुहार केंद्र सरकार तक पहुंचाने की मांग की। उन्होंने बहादुरगढ़ में अग्निशमन सेवाओं में सुधार करने, दमकल गाड़ियां बढ़ाने, प्रशिक्षित स्टाफ की नियुक्ति करने की मांग की। ताकि औद्योगिक क्षेत्र में आग लगने के कारण उद्योगों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। सीएम के साथ बैठक के दौरान उद्यमियों ने कानून व्यवस्था को लेकर मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि बहादुरगढ़ क्षेत्र में व्यापारियों व अन्य लोगों को जबरन वसूली और ब्लैकमेलिंग के कॉल मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे को प्राथमिकता पर देखने और कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

- एमआईई के प्लॉटों, दमकल व्यवस्था सुधारने, फुटवियर पर जीएसटी घटाने और कानून व्यवस्था मजबूत करने की मांग

बीसीसीआई व एफपीए के पदाधिकारियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के साथ ही मुख्यमंत्री को बहादुरगढ़ आने का निमंत्रण दिया। सीएम ने जल्द बहादुरगढ़ का दौरा करने का आश्वासन दिया। बैठक के उपरांत प्रधान सुभाष जग्गा ने उम्मीद जताई कि स्थानीय मुद्दों का समाधान तेजी से होगा और बहादुरगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी।

# सीएम फ्लाइंग टीम ने पंचकर्म केंद्र का किया औचक निरीक्षण

## नहीं हो पाया रसीद बुक की ओरिजनल व कार्बन कापी का मिलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को सीएम फ्लाइंग टीम सदस्यों द्वारा गुप्तचर इकाई सदस्यों के साथ स्थानीय नागरिक अस्पताल पंचकर्म केंद्र व आयुष विंग का औचक निरीक्षण किया गया। सीएम फ्लाइंग टीम के उप निरीक्षक रामनिवास ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पंचकर्म केंद्र में डॉक्टर ज्योति की मौजूदगी में दस्तावेजों की जांच की गई। उन्होंने चैकिंग के दौरान मरीजों की संख्या के आधार पर दी गई थेरेपी रसीद की ओरिजनल व कार्बन कॉपी के अमाउंट का मिलान सही नहीं पाया गया। इस संबंध में शाखा से संबंधित थेरेपी रजिस्टर, एंट्री व उससे संबंधित रसीदों की डिटेल व अन्य जांच से संबंधित दस्तावेज हासिल करने के लिए नोटिस दिया गया है। यदि जांच में विभागीय कर्मचारियों की कमी पाई जाती है तो उसकी गहनता से जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग टीम सदस्यों द्वारा डॉक्टर ज्योति ने बताया कि उनका जिला आयुष अधिकारी का कार्यालय अलग है लेकिन अस्पताल की बिल्डिंग में ही पंचकर्म विभाग की सेवाएं दी जा रही है।

- डॉक्टर ज्योति की मौजूदगी में दस्तावेजों की जांच की गई



झज्जर। पंचकर्म केंद्र में औचक निरीक्षण करते हुए सीएम फ्लाइंग टीम सदस्य।

### पंचकर्म उपचार के लिए ओपीडी पर्ची काटी जाती

नागरिक अस्पताल में ही पंचकर्म उपचार के लिए ओपीडी पर्ची काटी जाती है जिसकी फीस पांच रुपये हैं। और वह सामान्य अस्पताल में ही रहती है। ओपीडी पर्ची के बाद उनका यहां आने वाले मरीजों के उपचार के दौरान आयुष विभाग में सरकार द्वारा निर्धारित थेरेपी की फीस की रसीद काटी जाती है। उस पैसे को आयुष विभाग के द्वारा प्रत्येक माह का गोश्वरा निकाल कर चालान द्वारा सरकार के खाते में जमा करवा दिया जाता है। आयुष पंचकर्म विंग झज्जर में प्रतिदिन जो भी मरीज आते हैं उसका पंचकर्म केंद्र में ओपीडी रजिस्टर में इंद्राज किया जाता है, जिस भी मरीज को थेरेपी होती उसका थेरेपी रजिस्टर में इंद्राज किया जाता है। यहां पर थेरेपी के लिए जो रसीद काटी जाती है उसकी ओरिजिनल रसीद मरीज को दे दी जाती है तथा कार्बन कॉपी रसीद बुक में रिकॉर्ड के तौर पर विभाग में रखी जाती है।

# तुंबाहेड़ी में महिला ने फंदा लगाकर दी जान



झज्जर। अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव तुंबाहेड़ी में अज्ञात कारणों से एक महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतका की पहचान करीब 34 वर्षीया ज्योति पत्नी जगबीर के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी भरपूर सिंह ने बताया कि मृतका के पति जगबीर के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# उमस भरी गर्मी से नहीं मिल पा रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पिछले कुछ रोज पूर्व हुई हल्की बारिश के बाद बनी उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। पसीने से तर-बत्तर लोग गर्मी से बचने के लिए केवल बरसात का इंतजार ही कर रहे है। क्यूंकि दिन हो या रात बिजली के लग रहे लंबे-लंबे कटों के कारण लोगों का जीवन यापन मुश्किल हो गया है। बिजली न आने से जहां रोजमर्रा के कार्य निपटाने में परेशानी हो रही है, वहीं बाजार के कारोबार पर भी इसका असर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि बिजली के लग रहे कटो के कारण इंवर्टर-बैट्रियों ने भी साथ छोड़ दिया है। मंगलवार को भी दिनभर उमस भरी गर्मी ने खूब परेशान किया, सांय बाद आसमान में बादल तो छाए, लेकिन बारिश नहीं हुई। जिसके कारण बारिश का इंतजार कर रहे लोगों के हाथ मायूसी ही लगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेकिन रीयल फील इससे कई गुणा ज्यादा रहा। विशेषज्ञ आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे हैं।

- बिजली कटों ने बढ़ाई परेशानी, इनवर्टर - बैट्री ने छोड़ा साथ
- बाजार के कारोबार पर भी इसका असर पड़ रहा



## गर्मी से लोगों की हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्री-मानसून के बाद इन दिनों आमजन को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम 27 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके साथ ही वातावरण में उमस का स्तर 79 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। इसके कारण सुबह के 7 बजे भी लोगों के शरीर से पसीने का गिरना जारी है। जो दिन भर लोगों को बेहाल कर रहा है।

जी हां, बेशक मानसून हरियाणा में दस्तक दे चुका है। लेकिन बहादुरगढ़ में अभी गर्मी व उमस के हालात बने हुए हैं। प्री-मानसून की बारिश थमने के कारण मौसम के मिजाज में उच्च तापमान का स्तर जारी है। वातावरण में उमस का स्तर बढ़.कर 79 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच चुका है। इसके साथ ही गर्मी की तरह तापमान 34 डिग्री तक पहुंच चुका है। वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री पर रहा। हालांकि मौसम विभाग ने बारिश का अनुमान जाहिर किया है। लेकिन फिलहाल रात के वक्त भी लोगों को भीषण उमस भरी गर्मी का अहसास हो रहा है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। अस्पतालों में पेट दर्द, उल्टी, दस्त, बुखार से पीड़ित मरीज बढ़ गए हैं। डॉक्टर दवा के साथ सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। उमस भरी गर्मी में खानपान में गड़बड़ी की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं।

# पांच कॉलेजों में बीए की 1400 सीटों के लिए 1900 आवेदन



बहादुरगढ़। एडमिशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाती छात्राओं का फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कॉलेजों में जारी मिशन एडमिशन के तहत पहले राउंड की काउंसलिंग के लिए प्रोविजनल लिस्ट 4 जुलाई और फाइनल लिस्ट 5 जुलाई को जारी होगी। इस लिस्ट में स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राएं 5 से 9 जुलाई तक फीस जमा कर सीट कंफर्म कर सकेंगे। दूसरे राउंड की काउंसलिंग के लिए प्रोविजनल लिस्ट 10 जुलाई और फाइनल लिस्ट 11 जुलाई को जारी होगी। इस लिस्ट में शामिल छात्र-छात्रा 11 से 13 जुलाई तक फीस जमा कर दाखिला सुनिश्चित कर सकेंगे। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा के अनुसार शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में बीए की 160, बीकॉम की 160, बीएससी फिजिकल साइंस की 60 तथा बीसीए की 180 सीटें उपलब्ध हैं।

### बीए में दोगुणा से अधिक आवेदन

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के नोडल अधिकारी डॉ. कमल कुमार रंगा के अनुसार बीए मॉर्निंग की 320 सीटों के लिए 807, बीए इवनिंग की 200 सीटों के लिए 158, बीबीए की 40 सीटों के लिए 133, बीकॉम की 180 सीटों के लिए 124, बीसीए की 60 सीटों के लिए 297, बीएससी लाइफ साइंस की 60 सीटों के लिए 92 और बीएससी फिजिकल साइंस की 120 सीटों के लिए 90 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

### छारा में बीए के डबल आवेदन

छारा के राजकीय महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. अश्वनी के अनुसार बीए की 240 सीटों के लिए 483, बीकॉम की 60 सीटों के लिए 28, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 48 और बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 55 आवेदन ऑनलाइन हुए हैं। जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में बीए की 160 सीटों के लिए 40 पंजीकरण हुए हैं।

### बीकॉम में आधे से कम आवेदन

राजकीय महाविद्यालय बादली की मीडिया प्रभारी डॉ. पूनम ने बताया कि बीए में 400 सीटों के लिए 308, बीए भूगोल की 40 सीटों के लिए 11, बीकॉम की 80 सीटों के लिए 28, बीएससी लाइफ साइंस की 20 सीटों के लिए 45, बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 43 और बीएससी केमिस्ट्री की 40 सीटों के लिए 44 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

### बीएससी लाइफ साइंस में रूचि

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ के नोडल अधिकारी डॉ. मेहर सिंह ने बताया कि बीए की 280 सीटों के लिए 262, बीकॉम की 120 सीटों के लिए 55, बीएससी लाइफ साइंस की 20 सीटों के लिए 77 और बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 41 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## सत्संग के समापन के बाद भगदड़ मचने से हादसा हुआ

# हाथरस हादसे ने हर किसी को झकझोर दिया

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मच जाने के कारण हुए हादसे में सवा सौ से अधिक श्रद्धालुओं की मौत ने हर किसी को झकझोर दिया। शुरूआती जानकारी के अनुसार सत्संग के समापन के बाद भगदड़ मचने से हादसा हुआ। भगदड़ में मरने वालों में अधिकांश महिलाएं हैं। हादसे की सूचना पाकर बहादुरगढ़ में भी हर आम और खास दुखी नजर आया।

- भगदड़ में मरने वालों में अधिकांश महिलाएं, सवा सौ से अधिक श्रद्धालुओं की मौत

### आर्थिक सहायता देने की मांग

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजपाल आर्य ने हाथरस में हुए हादसे पर दुःख जाहिर करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उनके अनुसार मौके भीड़ को व्यवस्थित करने की समुचित व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार के साथ ही मृतकों के आश्रितों को दस-दस लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की मांग की।




### व्यवस्था पर सवाल होते हैं खड़े

इनेलो पार्षद जितेंद्र राठी ने भगदड़ से हुई मौतों पर शोक संवेदना व्यक्त की है। साथ ही कहा कि इतने बड़े और दुखद हादसे से प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं। इस प्रकार के आयोजनों के दौरान पुलिस की बेहतर व्यवस्था व उचित प्रबंध होने चाहिएं। ताकि इस तरह के हादसे न हो सकें।




### घटना से सदमा

भाजपा नेता युद्धवीर भारद्वाज ने कहा कि दुखद भगदड़ की घटना से गहरा सदमा लगा है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



### दोषियों को मिले सजा

आप नेता मनवीर छिल्लर ने हादसे को दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने श्रद्धालुओं के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना जताई है। आयोजकों व स्थानीय प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।



### खुफिया सूचना तंत्र कोई जानकारी नहीं जुटा पाया

पूर्व पार्षद प्रवीण राठी ने धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ से मौत व लोगों के घायल होने पर गहरा दुख जताया है। उनके अनुसार इतने बड़े हादसे से साफ है कि खुफिया सूचना तंत्र भी कोई जानकारी नहीं जुटा पाया। इस नाते अव्यवस्था हुई।



## मानसिक रूप से परेशान अधेड़ ने की आत्महत्या

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव नौगांवा में सोमवार की सायं एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा फांसी लगाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी ली। इसके उपरांत शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।

मृतक की पहचान करीब 58 वर्षीय भूप सिंह पुत्र मुख्त्यार सिंह के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि मृतक शादीशुदा था तथा खेतीबाड़ी का कार्य करता था। परिजनों का कहना है कि वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। मृतक के पुत्र के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

# देवलीना

## किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।




## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

## टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे।



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की मानें तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।

# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है,




जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।

# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज़ 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख ( बरुन सोबती ) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

## अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट

# गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

**नई दिल्ली।** 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

### पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन'से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या'में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।

*इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या'ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या'ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*



### 'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।

## खबर संक्षेप



झज्जर। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप अहलावत एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पॉवरफुल हुई पंचायत, तेज होंगे विकास कार्य : अहलावत

**झज्जर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जिस प्रकार से पंचायतों को पॉवरफुल किया है, उससे अब विकास कार्यों में तेजी आएगी। पंचायत सचिव की एसीआर लिखने की पॉवर सरपंचों को दिया जाना ऐतिहासिक कार्य है। यह बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप अहलावत ने कही। उन्होंने कहा कि सालों से जो मांग प्रदेश के सरपंच कर रहे थे, उन्हें एक झटके में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि 21 लाख तक के विकास कार्य की जिम्मेदारी सरपंचों को मिलने से काफी कार्य आसान हो जाएंगे।




झज्जर। बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए एसडीएम सतीश यादव।

### मतदाता सूची सत्यापन कार्य पूरा करें बीएलओ

**झज्जर।** मंगलवार को संवाद भवन में झज्जर और बादली विधानसभा क्षेत्रों के बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सतीश यादव ने कहा कि मतदाता सूचियों के सत्यापन का कार्य बेहद जरूरी है और इस कार्य को आयोग द्वारा निर्धारित समय में ही सत्यापित करना है। सभी बीएलओ इस कार्य को त्रुटि रहित और निर्धारित समयावधि में पूरा करवाना सुनिश्चित करें। यह कार्य 24 जुलाई तक चलेगा।



बेरी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एसडीएम रविंद्र मलिक।

### समस्याओं के समाधान करने के दिए निर्देश

**बेरी।** मंगलवार को एसडीएम रविंद्र मलिक ने समाधान शिविर में आठ नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के जल्द समाधान में समाधान शिविर कारगर साबित हो रहें हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से समाधान प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है।

### अधिकारियों को दिए जल्द समाधान करने के निर्देश

**झज्जर।** मंगलवार को एडीसी सलोनी शर्मा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए जल्द समाधान सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। शिविर के दौरान पेंशन व राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का एक ओर जहां मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। वहीं परिवार पहचान पत्र से जुड़ी त्रुटियों को 24 घंटे में दुरुस्त कर आमजन को राहत प्रदान की जा रही है।

### अपनी मांगों को लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी की

# एनएचएम कर्मचारियों ने एक घंटे तक किया वर्क सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

पूर्व नियोजित कार्यक्रमानुसार विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने मंगलवार को एक घंटे का वर्क सस्पेंड कर अपनी लंबित मांगों को लेकर आवाज उठाई। एनएचएम के जिला प्रवक्ता संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि एनएचएम कर्मचारियों लंबे समय से अपनी मांगों लेकर काले बिल्ले लगाकर जहां नियमित एक घंटे का वर्क सस्पेंड करते आ रहे हैं वहीं जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेज भी सौंप चुके हैं। उनकी मुख्य मांगों में एक पॉलिसी बनाकर एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करना, सातवें वेतन आयोग का लाभ दिया जाना, वर्ष 2017 से 2022 तक की हड़तालों को ड्यूटी पीरियड मानते हुए उन दिनों का वेतन जारी करना, वेतन विसंगतियों को दूर करना, नर्सिंग ऑफिसर का ग्रेड पे 4200 से 4600 करना तथा एएनएम का ग्रेड पे 2400 से 4200 करना, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सीएचओ कैडर की एसओपी को लागू करना, एनएचएम में कार्यरत जिन-जिन कर्मचारियों पर ड्रेस कोड लागू किया गया है उन्हें वर्दी एवं धुलाई भत्ता दिया जाना, नियमित कर्मचारियों की तर्ज पर समयाविधि में बढ़ी हुई सीएल, ईएल व सीसीएल प्रदान किया जाना तथा कैशलैश मेडिकल सुविधा दिया जाना व मुख्यालय द्वारा जो एच्छिक स्थानांतरण पत्र वापस ले लिया गया है उसे कर्मचारी हित में फिर से जारी किया जाना शामिल है।



झज्जर। स्थानीय नागरिक अस्पताल परिसर में वर्क सस्पेंड के दौरान मौजूद एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। खिलाड़ियों को क्रिकेट किट भेंट करते प्रधान प्रतिनिधि व अन्य।

## पंचायत ने क्रिकेट टीम को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

■ सम्मान मिलने पर खिलाड़ियों ने भी खुशी जताई

मंगलवार को ग्राम पंचायत छारा ने गांव की क्रिकेट क्लब की टीम को किट देकर सम्मानित किया। उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने को प्रेरित किया। सम्मान मिलने पर खिलाड़ियों ने भी खुशी जताई है।

सरपंच प्रतिनिधि दीपक दलाल ने बताया कि हमारी पंचायत ने मास्टर अनिल दलाल पंचायत मेंबर (पूर्व क्रिकेटर) को खेल विभाग की जिम्मेदारी सौंप रखी है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने टी- 20 विश्व कप जीता तो मास्टर अनिल दलाल ने हमें बताया कि अपने गांव के युवा भी क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहें हैं। एक बेहतरीन ग्राउंड भी तैयार कर रखा है। जिसमें अन्य जिलों की टीम भी आकर खेलती हैं। इसलिए हमें अपने गांव की टीम को सम्मानित करना चाहिए। ग्राम पंचायत ने तुरंत उनके फैसले का स्वागत करते हुए क्रिकेट टीम को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

छारा क्रिकेट क्लब के कप्तान और वरिष्ठ खिलाडी अश्वनी दलाल ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि हमारी टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करके गांव का नाम रोशन करेगी।

## हरियाणवी शैली की लोक धुनों के साथ विशेष प्रचार अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार से प्रदेश सरकार की नीतियों व योजनाओं के प्रचार के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा विशेष प्रचार अभियान का शुभारंभ हुआ। डीआईपीआरओ कुलदीप सिंह बांगड़ ने बताया कि विभागीय व सूचीबद्ध कलाकार जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र को कवर करते हुए आमजन को हरियाणवी लोक शैली में सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के प्रति जागरूक किया जाएगा।



झज्जर। प्रचार अभियान चलाते हुए जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली टीम। फोटो : हरिभूमि

## वन महोत्सव के दूसरे दिन सरकारी स्कूल में पौधे लगाए

■ बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव भी बताए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट की ओर से एक जुलाई से सात जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सोमवार को पहले दिन हरदयाल पब्लिक स्कूल में पौधारोपण किया गया।

वहीं मंगलवार को दूसरे दिन सराय औरंगाबाद स्थित गवर्मेंट मिडिल स्कूल में कार्यक्रम हुआ। यहां पौधे लगाने के साथ-साथ बच्चों और स्टाफ को पानी की उपयोगिता, पेड़ों का महत्व समझाया गया। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव भी बताए गए।

इसके साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

स्कूल मुखिया राष्ट्र आर्या ने ट्रस्ट के सदस्यों से स्कूल परिसर में 100 पौधे लगाने का आग्रह किया। वहीं ट्रस्ट के सदस्यों ने प्रिंसिपल सहित तमाम शिक्षकों को पर्यावरण संबंधित कार्यों में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। पर्यावरण प्रेमियों ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए हरियाली बहुत जरूरी है। इसलिए पौधे लगाने होंगे और पेड़ बनने तक उनका संरक्षण करना होगा।




बहादुरगढ़। वन महोत्सव मुहिम के तहत स्कूल में पहुंची ट्रस्ट की टीम।



झज्जर। गणित ओलंपियाड़ के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### गणित ओलंपियाड़ में आरईडी के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**झज्जर।** साइंस फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में आरईडी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। प्राचार्या अनिता सिवाच ने बताया कि प्रतियोगिता में पहली कक्षा में हर्षित पुनिया, अवनि, नव्या तथा मनीष, दूसरी कक्षा में वियान, खुशदीप और देवांशी, तीसरी कक्षा में तृषा भाटिया, याना और रियांश, चौथी कक्षा में अरिहंत, आदित्य बिंदल व मयूर, पांचवीं कक्षा में सम्यक, सायशा और अरीब, छठी कक्षा में निशा, कार्तिकेय और सावन, सातवीं कक्षा में दीपाली और देव, आठवीं कक्षा में सक्षम, आर्यन देशवाल, वंश देशवाल और भव्य, नौवीं कक्षा से ईशांत, दीपांशी व दीया तथा दसवीं कक्षा में शुभम और यश ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सफलता पाने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया है।

## शिक्षकों ने गोशाला संचालक पर हमले की निंदा की

■ अध्यापकों ने सुनील निमाणा को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गुरुग्राम रोड स्थित श्री गोकुलधाम महातीर्थ गौशाला के संचालक सुनील निमाणा पर हुए जानलेवा हमले में जहां सोमवार को जिले के सरपंचों ने समर्थन दिया वहीं मंगलवार को बादली क्षेत्र के विभिन्न अध्यापकों ने गौशाला पहुंच कर घटना की निंदा की। अध्यापकों ने सुनील निमाणा को तन-मन-धन से हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। इस दौरान हेड मास्टर विक्रम, कलेस्टर हेड डॉक्टर कृष्णा देवी, इंद्रजीत दादरी तोए, प्रवीण व बलजीत नंगला, श्रीभगवान पेलपा, विक्रम बादली, अजय, मुकेश, प्रदीप, देवेंद्र, ज्ञानचंद, पूजा, टीना, सीमा, कुमारी काजल, राकेश सौंधी आदि ने कहा कि सुनील निमाणा गौमाता की सेवा के साथ शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय सहयोग कर रहे हैं। निमाणा गांव के राजकीय विद्यालय में पिछले वर्ष सुविधाओं के अभाव में मात्र बीस विद्यार्थी शेष रह गए थे। सुनील निमाणा ने जहां विद्यालय के भवन की मरम्मत, मिट्टी भरत, पार्क व पेयजल सुविधा आदि कराते हुए सहयोग दिया वहीं विद्यार्थियों को बैठने के लिए आधुनिक बैंचों की व्यवस्था भी की थी।



झज्जर। श्रीगोकुल धार्म महातीर्थ गौशाला में मौजूद अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरुक

**बहादुरगढ़।** साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के मकसद से पुलिस द्वारा विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत मंगलवार को एक निजी स्कूल में कार्यक्रम किया गया। एसआई सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि आजकल खाते से संबंधित सभी जानकारियां मोबाइल फोन से जुड़ी हुई हैं और बच्चे मोबाइल फोन का ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। साइबर ठग इसी बात का फायदा उठा सकते हैं। उप निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि आप किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही अपने मोबाइल फोन में कोई ऐसी एप्लीकेशन डाउनलोड करें जो आपके बारे में जानकारी मांगती है। मोबाइल फोन का ओटीपी किसी को भी न बताएं। आपके ऐसा करने से आपके माता-पिता का खाता खाली हो सकता है। वहीं उन्होंने यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नाबालिक बच्चों को कभी भी वाहन नहीं चलाना चाहिए। वाहन चलाते समय अपने माता-पिता को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जरूर कहें। दो पहिया वाहन पर जब आपके माता-पिता बाहर निकलते हैं तो उनको हेलमेट पहनने के लिए जरूर बोले और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करवाएं।



एसआई सत्यप्रकाश सिंह

## पुलिस कमिश्नर ने किया थानों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार को पुलिस कमिश्नर बी सतीश बालन ने शहर, सदर व महिला थाना का औचक निरीक्षण करते हुए थाना परिसर में की गई व्यवस्थाओं, जवानों के रहन-सहन व रसोई तथा स्वच्छता इत्यादि का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रबंधकों को थाना के रिकॉर्ड व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने तथा थाना परिसर में साफ सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनहित का कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी कार्य समयानुसार पूर्ण किए जाए। थाना में आई किसी भी तरह की शिकायत पर तुरंत कार्यवाई करके संबंधित अनुसंधानकर्ता को कार्यवाई के लिए सौंपा जाए। कोई भी शिकायत किसी भी परिस्थिति में लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने थाने के रिकॉर्ड को चेक करते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता को इसकी शिकायत देने पर रसीद देनी अनिवार्य है।



झज्जर। निरीक्षण के दौरान थाने के रिकार्ड को चैक करते हुए जिला पुलिस कमिश्नर बी सतीश बालन।

■ जनहित का कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए



बहादुरगढ़। लडरावन गांव में भाजपा में शामिल हुए ग्राम वासियों के साथ नवीन बंटी। फोटो : हरिभूमि

### बंटी ने लडरावन में बढ़ाया भाजपा का परिवार

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावन में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी के प्रयासों से अनेक ग्रामवासी भाजपा में शामिल हुए। बंटी ने इन सभी लोगों को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल करवाया। साथ ही आश्वस्त किया कि सभी को भाजपा में पूरा मान-सम्मान मिलेगा। उनके अनुसार कार्यकर्ता भाजपा सरकार की कल्याणकारी नीतियों का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही पार्टी की जनहितैषी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं। नवीन बंटी ने कहा कि भाजपा में किसी भी प्रकार का परिवारवाद व वंशवाद नहीं है। यहां साधारण कार्यकर्ता अपनी मेहनत की बदौलत सीएम से पीएम के पद पर पहुंचकर राष्ट्र व आमजन की सेवा कर सकता है।

## अधिक से अधिक पेड़ लगाएं पर्यावरण को बचाएं : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता डीपी कौशिक ने बादली गांव के मंदिर, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूलों सहित विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीपी कौशिक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पचास हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक गांव में पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाना समय की मांग है। अगर हम पेड़ नहीं लगाएंगे तो पर्यावरण को नहीं बचा पाएंगे। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और पर्यावरण को बचाएं। उन्होंने कहा कि धरती पर जीवन तभी संभव होगा जब हरियाली होगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने घर-परिवार में किसी भी मांगलिक कार्यक्रम होने पर एक पेड़ अवश्य लगाए और अपने परिजनों व अतिथियों को पौधा उपहार स्वरूप भेंट करें।



झज्जर। पौधारोपण करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता डीपी कौशिक एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### महिलाओं ने मंगलगीत गाते हुए उत्साह के साथ भाग लिया

# बाबा हंसा महाराज की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में निकाली कलश शोभयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव दूबलधन स्थित हंसा वाला मंदिर में मंगलवार को सिद्ध बाबा हंसा महाराज की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस उपलक्ष्य में मंदिर समिति सदस्यों द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से प्रभात फेरी निकाली तथा उसके उपरांत मूर्ति एवं कलश शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया।

महंत किशोरदास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस शोभायात्रा में महिलाओं ने मंगलगीत गाते हुए उत्साह के साथ भाग लिया। मंदिर कमेटी प्रधान साधु राम ने बताया कि उनके गांव में बाबा हंसा महाराज की पुरखों पुरानी मान्यता है। इस धर्म स्थली पर बाबा हंसा महाराज ने घोर तपस्या की और अपनी योग साधना से हर जीव प्राणी का भला किया। गांव दूबलधन तथा आस-पास के गांव में बहुत बड़ी मान्यता होने के कारण जब भी किसी घर में कोई मंगलिक कार्यक्रम होता तो लोग यहां परिवार के साथ पहुंच कर पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आषाढ़ मास की त्रियोदशी को ग्रामीणों द्वारा आपसी सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान युवाओं द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को शीतल जल भी पिलाया गया। इस मौके पर कमेटी सचिव धारे, सूरजमल, जयसिंह, सोनू, अमित एडवोकेट, सोमवीर पहलवान व भीष्म सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान कलश शोभायात्रा में भाग लेते हुए महिलाएं।

■ बाबा हंसा महाराज ने योग साधना से हर जीव प्राणी का भला किया

## हरे भरे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

**झज्जर।** पर्यावरण सरंक्षण के लिए जहां प्रदेश सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर लोगों को जागरुक करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण का आह्वान किया जा रहा है वहीं शहर के शहीदी पार्क के नजदीक सड़क किनारे खडे हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने का मामला सामने आया है। मंगलवार को किसी व्यक्ति द्वारा शहीदी पार्क के नजदीक स्थित हरे-भरे सात-आठ वृक्षों को काट डाला गया। जब लोगों को पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने पहुंच कर मौका-मुआयना किया गया और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की गई। भारतीय वन अधिनियमित के अंतर्गत की गई कार्रवाई : इस संबंध में उप वन सरंक्षक, विपिन कुमार सिंह ने बताया कि बहादुरगढ़ रोड स्थित शहीदी पार्क के नजदीक सात-आठ पेड़ों को काटने का मामला संज्ञान में आया है। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भारतीय वन अधिनियमित 1927 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।



झज्जर। शहर के शहीदी पार्क के नजदीक काटे गए पेड़।

**सूचना**

मैं, विनोद कुमार पुत्र श्री नाथ सिंह निवासी मकान नं. 630, नई पोल लाईन, टिकरी कलां, नई दिल्ली-110041 हाल निवासी छोटूराम नगर, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र निखिल सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, उमेद सिंह पुत्र श्री सूबे राम उर्फ सूबे सिंह निवासी गांव कुलासी, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र चांद सिंह तथा पुत्रवधु सावित्री मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। चांद सिंह तथा उसकी पत्नी सावित्री अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**खबर संक्षेप**

### राजकीय विद्यालय भूरावास में लैपटॉप चोरी

**झज्जर।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरावास में चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में आर्य नगर झज्जर निवासी स्कूल प्राचार्य डॉक्टर सम्मत सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्कूल में चौकीदार नहीं होने के कारण स्कूल की एस्टोनोमी एंव भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला से एक लैपटॉप व कुछ अन्य सामान चोरी हो गया है। पुलिस ने प्राचार्य की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जिलाधीश ने जारी किए धारा-144 के आदेश

**झज्जर।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल रहित आयोजित करवाने के लिए जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह ने जिले में अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर परिधि में धारा 144 के तहत पाबंदियां रहेंगी। 3 जुलाई से 11 जुलाई के मध्य हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा वरिष्ठ माध्यमिक (पूरक विषय, री अपीयर, अंक सुधार) परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### पहले चुनाव आचार संहिता और बाद में टेंडर की औपचारिकता में ही अटकी रही योजना

# नालों की सफाई शुरू होने से मिलेगी राहत

**अब वर्क अलॉट होने के साथ ही एजेंसी ने नालों की सफाई शुरू कर दी है। शहर के 32 नालों की सफाई पूरी होने में समय लगेगा, जबकि मानसून हरियाणा में दस्तक दे चुका**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नगर परिषद की मानसून से पहले सभी बरसाती और गंदे पानी के नाली से लेकर नालों की सफाई करने की योजना टेंडर प्रक्रिया तक ही अटक कर रह गई है। हालांकि अब वर्क अलॉट होने के साथ ही एजेंसी ने नालों की सफाई शुरू कर दी है। शहर के 32 नालों की सफाई पूरी होने में समय लगेगा, जबकि मानसून हरियाणा में दस्तक दे चुका है।

बरसात के मौसम में शहर के अंदर होने वाले जलभराव की समस्या का मुख्य कारण गंदे व बरसाती पानी के नालों की सफाई नहीं होना रहा है। जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। नगर परिषद प्रशासन ने अपनी पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया।

इस बार मानसून आने से पहले सभी बरसाती व गंदे पानी के नालों की सफाई करने की योजना पहले चुनाव आचार संहिता और उसके बाद टेंडर की औपचारिकता में ही अटकी रही, लेकिन अब वर्क अलॉट होने के साथ ही एजेंसी ने नालों की सफाई शुरू कर दी है।

अधिकारियों के अनुसार 4 महीनों के लिए करीब 9 लाख रुपए प्रतिमाह की दर से यह काम अलॉट किया गया है। आबादी क्षेत्र से लेकर सड़क व मुख्य रास्तों के साथ-साथ बने गंदे व बरसाती पानी के नालों में जमा पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। मौसम के परिवर्तन होने के साथ ही मक्खी व मच्छरों का आतंक बढ़ने लगा है। मच्छरों के काटने से मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा पनपने लगा है।




बहादुरगढ़। शहर में नालों की सफाई में जुटे एजेंसी के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**जल निकासी में मिलेगी सहायता**

*नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला के अनुसार नालों की सफाई टेंडर लगाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वर्क अलॉट होने के साथ ही नालों की सफाई का काम शुरू हो चुका है। अगले चार महीने तक नालों की सफाई का यह काम जारी रहेगा। इस काम के शुरू होने से जल निकासी में सहायता मिलेगी।*



बहादुरगढ़। एसडीएम को निर्माण कार्य की शिकायत सौंपते ग्रामीण।

## संपर्क मार्गों की निर्माण गुणवत्ता जांचने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

लडरावण से पंजाब खोड़, खैरपुर से पंजाब खोड़ संपर्क मार्ग निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे ग्रामीण मंगलवार को एसडीएम आफिस में पहुंचे। यहां ज्ञापन देकर ग्रामीणों ने संपर्क मार्ग निर्माण की गुणवत्ता जांचने की मांग उठाई और प्रदर्शन किया। ये चेतावनी भी दी कि अगर इस मामले में उचित जांच नहीं हुई तो ग्रामीण पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव करने से भी नहीं चूकेंगे।

ज्ञापन के जरिये ग्रामीणों ने कहा कि पहली ही बारिश में रोड में कटाव पड़ गए हैं। निर्माण सामग्री में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। इसी वजह से मार्ग संतोषजनक नहीं बन पाए। काम में अनियमितताएं बरतकर जनता के पैसे को लूटा जा रहा है। इस मामले में गंभीरता से जांच किए जाने की जरूरत है। ठेकेदार की राशि पर भी रोक लगाई जाए। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी इस मांग को एसडीएम साहब ने ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को सेंपल लेने के आदेश जारी किए और रिपोर्ट भी मांगी है। ग्रामीणों ने लडरावन में ठप पड़े वाटर बूस्टर, लीकेज समस्या, वाटर वर्क्स में फैली गंदगी आदि के समाधान की भी मांग उठाई है। आप नेता कुलदीप छिकारा, जसबीर सिंह, हरिओम पहलवान, जोगेंद्र छिकारा, महेंद्र पंडित, दीपक, धर्मवीर, प्रकाश, वजीर सिंह, राकेश आदि ज्ञापन देने वालों में शामिल थे। इन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि शिकायत पर संज्ञान लिया जाएगा। यदि जांच प्रभावी नहीं होती है तो फिर हम पीडब्ल्यूडी कार्याल का घेराव करेंगे।

## सात जुलाई को खेले जाएंगे फाइनल मुकाबले

- लोवा खुर्द, बुपनिया, जसोरखेड़ी, दुल्हेड़ा आदि टीमें अपने अपने वर्ग के फाइनल में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव लोवा खुर्द में लव-कुश फुटबॉल लीग के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। अंडर-9 में लोवा खुर्द, बुपनिया, अंडर-11 में लोवा खुर्द और जसोरखेड़ी, अंडर-13 में लोवा खुर्द तथा दुल्हेड़ा ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। आगामी सात जुलाई को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

अंडर-9 में लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने इंडूज स्पोर्ट्स क्लब को 7-0 से हराया। लोवा खुर्द की तरफ से रोहित ने तीन और हरीश ने चार गोल किए। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में बुपनिया ने जसोरखेड़ी को 3-0 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बुपनिया की तरफ से जय ने दो और केशव ने एक गोल किया। अंडर-11 के पहले सेमीफाइनल में लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने बुपनिया को 5-2 के अंतर से शिकस्त दी। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में जसोरखेड़ी ने इंडूज क्लब को 2-0 से मात दी। निक्की ने दो गोल किए। अंडर-13 में लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने बहादुरगढ़ सिटी को 3-2 से हराया। लोवा खुर्द की तरफ से हर्ष ने तीन गोल किए। वहीं दूसरी तरफ दुल्हेड़ा ने शोभित के एक गोल की बदौलत नूना माजरा को 1-0 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। कोच रितु, कोच विनय, प्रदीप, प्रीतम बुपनिया, राहुल, मनीषा, मुनेश, मैनेजर आरती, मंगत राम, राजेंद्र माजरा आदि इस अवसर पर मौजूद थे।

युवराज, दीपांशु, शिवम, नमन, अतुल, अरमान, निखिल रेफरी की भूमिका में रहे। कमेटी प्रधान नरेंद्र कुमार व कोच सुदर्शन ने फाइनल में पहुंची टीमों को बधाई दी। कोच सुदर्शन ने बताया कि प्रतियोगिता बेहद शानदार रही। कई प्रतिभाएं उबरकर सामने आईं।

आगामी सात जुलाई को फाइनल मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा। प्रधान विनोद, लाला मास्टर, विजय, विक्की, संजय, सुनील, नीरज सहित अन्य ग्रामीणों ने सेमीफाइनल मुकाबलों का लुत्फ उठाया।



बहादुरगढ़। गोल का प्रयास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## 28 करोड़ में बनेंगी बहादुरगढ़ क्षेत्र की 17 सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



- पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल का जताया आभार

देर से ही सही, लेकिन नायब सरकार ने क्षेत्र की बदहाल सड़कों की सुध लेने का निर्णय कर लिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बहादुरगढ़ हलके में 17 सड़कों के नवीनीकरण के लिए 27 करोड़ 87 लाख 48 हजार रुपए की सौगात दी है। पीडब्ल्यूडी बीएंडआर द्वारा 13 और मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 4 सड़कें बनाई जाएंगी। इन सड़कों के निर्माण कार्य के टेंडर लग चुके हैं और जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी हो जाएगा। जिसके बाद सड़कों का नवीनीकरण का कार्य भी शुरू हो जाएगा।

पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने बताया कि बहादुरगढ़ हलके की बदहाल सड़कों के संबंध में मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल को अवगत करवाते हुए सड़कों का जल्द नवीनीकरण करवाने की मांग की थी। सीएम नायब सैनी ने इन 17 सड़कों के नवीनीकरण को लेकर मंजूरी दी है। कौशिक के अनुसार पीडीब्ल्यूडी द्वारा बनाई जाने वाली 13 सड़कों पर 26 करोड़ 65 लाख 35 हजार रुपए खर्च होंगे, जबकि मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 4 सड़कों पर 1 करोड़ 22 लाख 13 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल का आभार जताया है। दावा किया कि तत्काल सीएम मनोहर लाल ने वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2019 तक के कार्यकाल में लगभग 1300 करोड़ की राशि बहादुरगढ़ हलके के विकास के लिए मंजूर की थी। अब सीएम नायब सैनी भी पूरे प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवा रहे हैं। जबकि कांग्रेस नेता केवल अनर्गल बयानबाजी कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। विधायक राजेंद्र सिंह जून का बहादुरगढ़ के विकास से कोई लेना देना नहीं है। इसे लेकर जून ने विधानसभा में कोई आवाज तक नहीं उठाई। जबकि भाजपा राज में आमजन को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई हैं।

**इन सड़कों का होगा निर्माण**

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर द्वारा 442.18 लाख में आसौदा से दहकौरा, 166.64 लाख में जाखौदा से आसौदा, 121.45 लाख में आसौदा रेलवे स्टेशन रोड, 161.10 लाख में आसौदा टोडरान शामलात जमीन से सत माता मंदिर तक सड़क, 198.39 लाख में कसार से नूना माजरा, 90.29 लाख में बामडोली से मुकंदपुर रोड, 400.28 लाख में बराही से कुलासी रोड, 431.44 लाख में आसौदा से कुलासी रोड, 69.07 लाख में मांडोठी अप्रोच रोड, 36.32 लाख में टाटा वर्कशॉप से एचएल सिटी रोड, 45.79 लाख में जोंती अप्रोच रोड, 215.45 लाख में सोलधा से सिद्दीपुर रोड, 286.95 लाख में एनएच से टांडाहेड़ी रोड का निर्माण होगा। जबकि एचएसएएमबी द्वारा 47.50 लाख में लडरावन से किंडोली, 77.20 लाख में सोलधा से सिद्दीपुर, 93.05 बराही से बामडोली और 122.13 लाख में बराही से कुलासी सड़क बनाई जाएगी।



बहादुरगढ़। राहुल गांधी की टिप्पणी पर रोष जताते डॉ पंकज जैन व अन्य।

## राहुल की टिप्पणी पर जैन ने जताया रोष

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ा रोष जताया है। जैन ने इस बयान की निंदा करते हुए कहा कि हिंदू समाज को हिंसक बताना देश के करोड़ों हिंदुओं का अपमान है। राहुल गांधी को हिंदू समाज व देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी के इस बयान से हिंदू समाज की भावना को ठेस पहुंची है। इस बयान से राहुल ने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा का उन्हें ध्यान रखना चाहिए था।

## विकास कार्यों के दम पर प्रदेश में तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

दी झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की चेयरपर्सन व जिला केंद्रीय सहकारी बैंक चेयरमैन एसोसिएशन की प्रधान एवं भाजपा नेत्री नीलम अहलावत का बेरी हलका में पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा विधानसभा चुनाव अपने बलबूते लड़कर तीसरी बार प्रदेश में स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाएगी।

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई जन कल्याणकारी ग्रामिणांचल में बस रहे युवा, किसान, महिलाओं एवं कमेरा वर्ग के लिए वरदान साबित हुई हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंच कर आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आजादी के अमृतकाल में भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना तभी साकार होगा जब महिलाएं केवल घर तक सीमित न रहकर बल्कि पुरुष के कंधे से कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेंगी। नीलम अहलावत ने कहा कि हर-घर शौचालय, रसोई गैस, नल से जल, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम, तीन तालाक पर कानूनी रोक, पंचायतीराज संस्थाओं में बराबर की भागीदारी सहित केन्द्र सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को संबोधित करते हुए नीलम अहलावत।



बहादुरगढ़। गोरखधाम एक्सप्रेस में सवार होने का प्रयास करते यात्री।

## गोरखधाम एक्सप्रेस में 3 जनरल बोगी बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली रोहतक दैनिक रेल समिति ने गोरखधाम एक्सप्रेस में तीन जनरल बोगी बढ़ाने की मांग की है। समिति प्रवक्ता सतपाल हाड़ा ने बताया कि गाड़ी नंबर 12555/12556 गोरखपुर-भटिंडा एक्सप्रेस वर्तमान में 22 डिब्बों के साथ चलती है। इनमें प्रथम वाताकुलित डिब्बों से लेकर जनरल डिब्बे लगे हैं।

सतपाल हाड़ा के अनुसार जनरल डिब्बों की संख्या तीन है। इनमें एक अनारक्षित सिटिंग कोच व दो अनारक्षित सामान्य कोच लगे हैं। परन्तु सामान्य डिब्बों में यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की संख्या ज्यादा होने के कारण प्रतिदिन बहादुरगढ़, नांगलोई, शकूरबस्ती व नई दिल्ली से गोरखपुर व बीच के स्टेशनों के लिए यात्रा करने वाले 100 से अधिक यात्री इस गाड़ी में यात्रा करने से वंचित रह जाते हैं। इस गाड़ी के जनरल कोच में जल्दी में चढ़ने के कारण गंभीर रूप से चोटिल हो रहे हैं। कई बार तो पुरुष यात्री गाड़ी में तो चढ़ जाता है, लेकिन उसके परिवार की महिला व बच्चे प्लेटफॉर्म पर ही खड़े रह जाते हैं। त्योहारी सीजन में तो यह स्थिति भयंकर हो जाती है। भटिंडा-रोहतक-बहादुरगढ़ से आने वाले रेल यात्री कई बार तो भीड़ के कारण बहादुरगढ़ व नांगलोई स्टेशन पर उतर ही नहीं पाते और अगले स्टेशन पर बड़ी मुश्किल से उतर पाते हैं। सतपाल हाड़ा ने कहा कि यात्रियों की यह दुर्दशा रेल मंत्रालय को नहीं दिखाई देती।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों के साथ स्कूल स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

## लडरावन में मनाया रीडिंग मंथ सेलिब्रेशन

**बहादुरगढ़।** लडरावन स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में रीडिंग मंथ सेलिब्रेशन मनाया गया। स्व. पीएन पैनिकर की याद में नेशनल रीडिंग मंथ सेलिब्रेशन मनाया गया। इसमें पहली कक्षा से 12वीं तक के सभी छात्रों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में स्कूल प्रिंसिपल किशोर कुमार शर्मा और स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर शामिल थे। पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने लाइब्रेरी जाना, चौथी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रीडिंग मैराथन, नौवीं और दसवीं कक्षा के बच्चों ने कहानी सुनना, 11वीं और 12वीं कक्षा के बच्चों ने लेखक परिचय सुनाया। नौवीं से 12वीं तक के कुछ विद्यार्थियों ने दूसरे विद्यार्थियों को किताबें दान की। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पहली कक्षा में आरव, दूसरी कक्षा में अक्षिता, तीसरी कक्षा में रितिका, चौथी कक्षा में आर्यन वर्मा, पांचवी कक्षा में चिराग, छठी कक्षा में मानवी, सातवीं कक्षा में नव्या और पार्थ, आठवीं कक्षा में पायल, नौवीं कक्षा में इशिका, दसवीं कक्षा में दीपक और मधु, ग्यारहवीं कक्षा में दीक्षा तथा बाहरवीं कक्षा में प्रियांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा हैं। हमें दैनिक कार्यों में राजभाषा हिंदी का अत्यधिक प्रयोग करना चाहिए। हमें हिंदी की गरिमा बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

## डिस्ट्रिक हब के तहत जागरुकता अभियान शुरू

**झज्जर।** महिला सशक्तिकरण के तहत प्रदेश सरकार ने डिस्ट्रक्टि हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत विशेष अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित संवाद भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां पुलिस, कृषि, पशुपालन व बागवानी विभागों के विशेषज्ञों ने उनके द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बारे में सभागार में उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी उर्मिल सिवाच ने बताया कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए सशक्त बनाने की दिशा में विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। विभाग की तरफ से अब विशेष व नायाब अभियान की शुरुआत की है। जिसमें सभी विभागों को एक मंच पर लाते हुए महिलाओं जागरूक किया जा रहा है।

## कैंब्रिज की छात्रा ने यूपीएससी में लहराया परचम

**झज्जर।** संघ लोक सेवा आयोग के घोषित प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में कैम्ब्रिज इंटरनेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल भदाना की छात्रा काजोल शर्मा ने सफलता प्राप्त कर संस्थान व जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने बताया कि काजोल शर्मा शुरू से ही होनहार छात्रा रही है। वह दसवीं कक्षा में 98 प्रतिशत व 12वीं में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। इसके अलावा वह भारतीय वन सेवा परीक्षा को भी क्वालीफाई कर चुकी है। इस उपलब्धि पर उन्होंने स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए होनहार छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## रेखाचित्र के माध्यम से दिया प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा द्वारा वर्ल्ड प्लास्टिक बैग फ्री-डे के उपलक्ष्य में एक रेखाचित्र बनाया। मुकेश शर्मा ने कहा कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण पर बहुत बुरा असर डालता है। सभी जीव-जंतुओं का जीवन इससे खतरे में आ जाता है। प्लास्टिक के अधिक उत्पादन व प्रयोग से समाज में इसके बुरे प्रभाव नजर आने लगे हैं। लोगों द्वारा प्लास्टिक बैग का एक बार इस्तेमाल करने के बाद उसे कूड़े में फेंक दिया जाता है। कूड़े में मुंह मारते बेसहारा पशु भी कई बार निगल लेते हैं जिस कारण उनकी मौत तक हो जाती है। चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, मास्टर वेदप्रकाश शर्मा, रमेश कौशिक, नरेंद्र वशिष्ठ, नसीब कौशिक, हिमांशु वशिष्ठ, मोहित वशिष्ठ, राहुल वशिष्ठ, अंकुश वशिष्ठ, सौरव वशिष्ठ, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा ने भी पॉलथिन बैग की बजाय कपड़े के थैले के उपयोग का संकल्प लिया।




झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया रेखाचित्र।

# 65 वर्षों से युवाओं के उच्च शिक्षा के सपने को साकार कर रहा नेहरू महाविद्यालय

- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 65 साल पहले किया था नेहरू महाविद्यालय का पहला दाखिला
- 203 विद्यार्थियों से शुरू हुए नेहरू महाविद्यालय में अब शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं 2096 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

दो जुलाई 1959 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय का पहला दाखिला करते हुए महाविद्यालय का शुभारंभ किया था। अब पिछले 65 वर्षों से यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के लिए युवाओं के सपने को साकार कर रहा है।

वर्ष 1959 में नेहरू कॉलेज में 203 विद्यार्थी पढ़ते थे, जिनमें से केवल सात छात्राएं थीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने बताया कि वर्ष 1960 में 316 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया और छात्राओं की संख्या भी सात से नौ तक पहुंची। अब सत्र 2023-24 के दौरान 2096 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया, जिनमें 974 छात्राएं रहीं।



झज्जर। 65 वर्ष पहले अपने हाथों से पहला दाखिला कर महाविद्यालय की शुरुआत करती हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी। (फाइल फोटो)

### तन-मन-धन से किया निर्माण

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने बताया कि झज्जर एजुकेशन सोसायटी द्वारा इस कॉलेज की स्थापना की गई थी। यहां के किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों ने भूमि, धन और श्रमदान के साथ पूरी समर्पण भावना से तत्कालीन एसडीएम सुखदेव प्रसाद की अध्यक्षता में इसका निर्माण कराया था। उस समय गोपीचंद झज्जर एजुकेशन सोसायटी के मंत्री व नगर पालिका के प्रबंधक थे। संस्था की कोणशिला तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सात दिसंबर 1958 को रखी थी। अक्तूबर 1963 में कॉलेज का संचालन सरकार ने अपने हाथ में ले लिया था, पहले यह प्राइवेट था।

### उच्च पदों पर आसीन हुए विद्यार्थी

कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि यहां से शिक्षा ग्रहण करके विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक, सशस्त्र सेना और पुलिस सेवा अधिकारी, न्यायिक सेवा अधिकारी, प्रशासनिक सेवा अधिकारी, राजनीतिज्ञ, वकील, गायक, संगीतज्ञ व अन्य उच्च अधिकारी बने हैं। कई विद्यार्थियों ने यहीं से शिक्षा ग्रहण करके इसी कॉलेज में प्राध्यापक और प्राचार्य पद को सुशोभित किया है। वर्तमान में नेहरू कॉलेज में 35 नियमित व एक अतिथि प्राध्यापक व 39 एक्सटेंशन लेक्चरर कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 13 नियमित गैर शिक्षण कर्मचारी व 12 अनुबंधित गैर शिक्षण कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। विशाल क्षेत्र में फैले हुए इस कॉलेज में पुराने भवन के अतिरिक्त आर्ट्स ब्लॉक, कॉमर्स ब्लॉक, साइंस ब्लॉक, पुस्तकालय, मल्टीपर्पज हॉल, कम्प्यूटर ब्लॉक व कैंटीन भवन हैं।